कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय ने लगाया रक्तदान शिविर

रक्तदानी को सम्मानित करते सुनील कुमार यादव, डॉ. जसमिंदर कौर एवं अन्य।

जालंधर, 22 फरवरी (रत्ता): कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 73वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय कार्यालय जालंधर द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

स्थानीय ऊधम सिंह नगर स्थित ई.एस.आई. अस्पताल में लगाए गए इस रक्तदान शिविर में उपनिदेशक प्रभारी सुनील कुमार यादव, सहायक निदेशक दिलबर सिंह, मनोज कुमार, दीपक कुमार एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रमेश लाल सहित उप-क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया।

सुनील कुमार यादव ने रक्तदानियों को प्रमाण पत्र देते हुए बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान में सभी को भागीदार बनाना और समाज एवं राष्ट्र के हित में एक नई पहल है ताकि इससे हजारों लोगों का जीवन बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि शैक्षिक रक्तदान मानव हित में किया गया सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

इस अवसर पर ई.एस.आई. अस्पताल की मैडीकल सुपरिंटैंडैंट डॉ. जसमिंदर कौर, सीनियर मैडीकल ऑफिसर डॉ. गगनदीप एवं डॉ. हरदेव सिंह जी उपस्थित थे।